**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 14-12-2006**
**Participants : Malhotra Prof. Vijay Kumar,Rawat Prof. Rasa Singh,Pathak Shri Harin,Patil Shri Shivraj V.,Jha Shri Raghunath,Patil Shri Shivraj V.,Sharma Shri Madan Lal**

>

Title : Prof. Vijay Kumar Malhotra called the attention of the Minister of Home Affairs to the situation arising out of atrocities being perpetrated against Kashmiri Pundits in Jammu & Kashmir for the past many years and steps taken by the Government in this regard.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA (SOUTH DELHI): Sir, I call the attention of the Minister of Home Affairs to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon:

“Situation arising out of atrocities being perpetrated against Kashmir Pundits in Jammu and Kashmir for the past many years and steps taken by the Government in this regard.”

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): Sir, the State of Jammu and Kashmir comprises of the three regions of Ladakh, Jammu and Kashmir. Both Ladakh and Jammu have remained comparatively peaceful. Kashmir has been affected by terrorism since 1990 as a result of which there has been migration of Kashmiris from the Valley to Jammu, Delhi and other States.

Migration of some Kashmir pundits started in 1990 after militancy began in the Valley. Many families are living in the Valley. These families have been provided security cover by the local police. The security personnel have been equipped with latest weapons and communication facilities.

At Sangrampora on 22.7.1997, at Wandhama on 26.1.1998 and at Nadimarg on 24.3.2003, incidents took place in Kashmir Valley in which some Kashmiri pundits were killed.

After Nadimarg massacre in March 2003, some families migrated from Kashmir to Jammu Province. There has been no large-scale migration after 1990-91.[s18]

[r19]

---

* Placed in Library, See No. LT 5516/2006

The Government has taken measures to protect the life and property of the different communities within the State. These measures include:

(i) Police/CRPF pickets have been established in villages/clusters inhabited by different communities in Kashmir Valley.

(ii) Adequate weaponry and communication facilities are provided at these pickets with the nearest security force units entrusted with the task of area sanitization.

(iii) Village Defence Committees have been organized for self defence by training local volunteers.

(iv) The CRPF and other security forces conduct frequent patrolling in the hinterland and areas inhabited.

To protect the properties of the migrant families, the State Government has enacted the Jammu and Kashmir Migrant Immovable Property (Preservation, Protection and Restraint of Distress Sales) Act, 1997 and the Jammu and Kashmir Migrants (Stay of Proceedings) Act, 1997.

The Central and the State Governments have taken all possible measures to ensure that the needy migrant families are provided with a reasonable level of sustenance and support. The Government has recently decided to enhance monthly cash relief from Rs.3000 per family per month to Rs.4000 per family per month and basic dry ration to Kashmiri Migrants in Jammu and from Rs.3200 to Rs.4000 per family per month to Kashmiri migrants in Delhi with effect from 1st July, 2006. Other State Governments/UT Administrations where the Kashmiri migrants have been staying have been providing relief to the migrants in accordance with the scales fixed by them.

Under the Prime Minister's Reconstruction Plan for the State, 5242 two-room tenements have been planned for all families residing in the camps in the Jammu region. In the first phase, construction of 1023 flats has already started and is at various stages of competition.

In order to help the migrants who want to return to the Valley, Government of India have approved a project for Rs.20 crore for the construction of 200 two-bed room flats at Sheikpora, District Budgam. The construction is nearing completion. A grant of Rs.10 crore has been provided to the State Government for the reconstruction and renovation of houses and shrines at Kheer Bhavani and Mattan. The State Government have completed construction of 18 three-room flats in Mattan for temporary stay of Kashmiri migrants till they are able to return to their houses in the Valley. At Kheer Bhavani, 100 one-room tenements have been completed.

Terrorism-affected Districts have a mixed population. Terrorists have targeted all communities. With the onset of militancy of the Valley, difficulties have been faced by all communities.

The security situation in the State has improved on account of the sincere efforts of the security forces and efforts of Governments, and above all, the people's yearning for peace and normalcy. It is true that some people still continue to suffer. Attempts are made by all concerned to help the people to live more secured and peaceful life.

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष जी, माननीय गृह मंत्री जी के उत्तर से स्थिति की भयावहता और इसकी भीणता प्रकट नहीं होती। मुझे बहुत निराशा हुई कि जिस प्रकार से उन्होंने यह उत्तर दिया है और उसमें बहुत मामूली सा वहां पर जो काम किया जा रहा है, उसका उल्लेख किया है। कश्मीर घाटी से लगभग चार लाख से लेकर पांच लाख लोग वहां से माइग्रेट करने को मजबूर हुए। कश्मीर के अंदर कश्मीरी पंडित या कश्मीरियत के नाम पर जो बात कही जाती है, पूरे के पूरे 90 प्रतिशत कश्मीरी पंडित वहां से भागने को मजबूर हुए और वे वहां से माइग्रेट कर गये। वहां पर बहुत से न्यायाधीश, वकील और प्रोफेसरों की जब हत्या कर दी गई और उसके बाद जब यह घोाणा कर दी गई कि कोई भी कश्मीरी पंडित कश्मीर में नहीं रहेगा और वहां केवल एक इस्लामिक मुस्तफा राज रहेगा। उसके बाद उनको वहां से छोड़कर आना पड़ा। यह बहुत बड़ा जेनेसाइड है। वहां एथनिक क्लेंजिंग का इससे बड़ा कोई उदाहरण नहीं हो सकत[a20]ा।

उसके लिये जिस प्रकार के प्रबंध हम कर रहे हैं या जो कुछ हमें करना चाहिये, उसे हम लोग बहुत साधारण तौर पर देख रहे हैं। गुजरात से एक भी ऐसे व्यक्ति ने माइग्रेट नहीं किया और उसके लिये कांग्रेस अध्यक्षा ने जैनोसाइड कहा...(व्यवधान) Not a single person migrated from there. गुजरात के लिये उन्होंने जैनोसाईड की संज्ञा दी। वह जैनोसाइड नहीं था।इससे पहले कभी संभव नहीं था।

अध्यक्ष महोदय, इस बात की विदेशों में भी चर्चा नहीं हुई, यू.एन.ओ. में चर्चा नहीं हुई और इस मामले में लोगों ने बिलकुल चुप्पी साध ली। जो मानवाधिकारवादी देश हैं, वहां भी 4-5 लाख लोग चले जायें लेकिन अगर हमारे यहां से बांग्लादेशी पांच व्यक्तियों को भी निकालने की बात की गई हो तो बवंडर खड़ा हो जाता है, फिर भी ये लोग बिलकुल चुप्पी साधे हुये हैं।

अध्यक्ष महोदय, माननीय गृह मंत्री जी ने अपने बयान में क्या कहा है। उन्होंने कहा कि वैली में इन लोगों के लिये 10 करोड़ रुपये दिये जायेंगे जिससे 200 फ्लैट 2-बैडेडरूम बनाये जायेंगे, अगर कश्मीरी पंडित वापस जाना चाहें। क्या यह बात कहने का तरीका है? क्या पांच लाख कश्मीरी पंडितों के लिये 10 करोड़ रुपये दिये जायेंगे? यहां प्रति परिवार मासिक भत्ता तीन हजार रुपये से बढ़ाकर चार हजार रुपये कर दिया गया और अब बताया जा रहा है कि इन लोगों के लिये 200 फ्लैट बनाये जायेंगे। सरकार यहां हीलिंग टच की बात कर रही है। अध्यक्ष जी, कश्मीर में आतंकवादियों के लिये कहा जा रहा है कि अगर एक आतंक वादी सरेंडर करेगा तो उसे तीन लाख रुपया दिया जायेगा, अगर अपने आप सरेंडर करेगा तो उसे नौकरी दी जायेगी। उन लोगों के लिये 24 हजार सरकारी नौकरियां रखी गई हैं और अगर बदले में कश्मीर पंडित अपना घर छोड़ने के लिये मजबूर कर दिये गये तो उन 18 हजार में से केवल तीन हजार लोगों को नौकरी दी गई, बाकी 15 हजार लोगों का क्या होगा? पिछली बार जितनी नौकरियां क्रिएट की गई हैं, उनमें से 500 भी कश्मीरी पंडितों को नहीं दी गई हैं। बचे हुय 15 हजार लोगों में से कुछ रिटायर् हो गये हैं, कुछ की मृत्यु हो गई है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing is being recorded except the speech of Prof. Malhotra.

*(Interruptions)* ...*

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष महोदय,. ये क्या कर रहे हैं?...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जायें, शर्मा जी। आपको मौका दिया जायेगा। Shri Sharma, nothing will be recorded. Please do not do this. I will call you once. हमने उन्हें परमिट नहीं किया है, आप लोग बैठ जायें। आप लोग क्यो चिल्लाते हैं?

*(Interruptions)* ...*

MR.SPEAKER: Shri Sharma, I was to give an opportunity but now, I won't.

… (*Interruptions*)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष जी, सरकार की ATR मेरे पास है। उसमें बताया गया है कि कितने लोगों को नौकरी दी गई है …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: It is a human problem. Let us listen. The Minister has given a very exhaustive reply.

… (*Interruptions*)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष जी, 500 कश्मीरी पडितों को नौकरी नहीं दी गई जबकि वहां 24 हजार नौकरियां रखी गई हैं…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Put your question.

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष महोदय, मैं पूछना चाहता हूं कि बाकी 15 हजार कश्मीरी पडितों को नौकरी क्यों नहीं दी गई? मेरा प्रश्न यह है कि No action has been taken against even those who have publicly acknowledged the fact that they murdered Kashmiri Pundits. Cases have not been registered and even if cases were registered, they were not investigated. No murderer has been brought to book. … (*Interruptions*) क्या इसमें

* Not recorded

संदेह की कोई बात है कि अभी तक एक भी आदमी पकड़ा नहीं गया है, एक भी व्यक्ति को सज़ा नहीं हुई है। यहां इस बात पर भी हमें आश्चर्य हो रहा है कि पार्लियामेंट पर जिस तरह से हमला किया गया, उनके एक आदमी को भी सजा मिली है? उसे सजा नहीं दी जा रही है…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: That matter does not arise. Please do not bring it here. That will not be taken up here.

… (*Interruptions*)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष जी, कश्मीरी पंडितों ने अपने पदक वापस कर दिये और कश्मीरी पंडितों को मारने वाले जितने वहां थे, वे खुलेआम घूम रहे हैं। Not even one has been convicted; not even one has been arrested; and no case has been registered against any of them. [s21]

जितने वहां पर थे।…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Now, put your question.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Yes, I am putting the question. No action has been taken to protect and assist the people left behind the Valley. They have not been given employment nor have they been made eligible for the benefits which migrants are eligible. The 'healing touch' policy announced by the Government has so far not covered in it the victims of terrorism, Kashmiri pundits. The CM has several times promised to give employment to our youth but no employment has yet been materialised. There is no budget allocation for relief and rehabilitation of Kashmiri pundits from the State Budget. All measures are… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is not a matter of Central Government.

… (*Interruptions*)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Sir, I am coming to the question.… (*Interruptions*) I am telling the facts.

MR. SPEAKER: We are not dealing here with the State matter.

… (*Interruptions*)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : May I submit, Sir? …(व्यवधान) कल ही 20-25 मिनट तक कालिंग अटेंशन पर माननीय सदस्य बोले थे और मैं अभी तीन मिनट ही बोला हूं।

**अध्यक्ष महोदय :** आप तीन मिनट से ज्यादा बोल चुके हैं, हम घड़ी देख रहे हैं।

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** मैं अभी तीन मिनट ही बोला हूं…(व्यवधान) उस दिन बीस मिनट गुरुदास गुप्ता बोले थे।

**अध्यक्ष महोदय :** ऐसा मत बोलिए। Do not impute anything. ऐसा बोलना अच्छा नहीं है। हम सबको बोलने का मौका देते हैं।

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा** : अध्यक्ष महोदय, गृह मंत्री इस बात को स्वीकार करेंगे या ध्यान करेंगे कि जो माइग्रेन्ट्स कश्मीरी पंडित अभी भी वैली में रह रहे हैं, उन्हें सब फैसिलिटीज दी जाएं। वहां आर्म्ड फोर्सिस में, पैरा मिलिट्री फोर्सिस, सैंट्रल गवर्नमेंट आफिसिस में, पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग और राज्य सरकार में कम से कम दस हजार कश्मीरी पंडित, जो सारे इस समय बेकार हैं, उन्हें नौकरी देने का विचार करेंगे, क्या उन्हें सैल्फ एम्प्लाएमेंट क्रिएट करने के लिए सैंट्रल और स्टेट एजेंसिज एवं बैंकों को कहा जाएगा? …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not bring in the State Government here.

… (*Interruptions*)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** उन्हें इन्फ्रास्ट्रक्चर और मार्किटिंग दें, जितने भी लोग जम्मू या दिल्ली में रह रहे हैं, two-room flats to all migrants in Jammu, Delhi, Udhampur, Nagrota and elsewhere. यहां झुग्गी-झोंपडी वालों को भी दो कमरे का फ्लैट दिया जा रहा है, हर झुग्गी वाले को दो कमरे का फ्लैट दिया जाएगा तो जो कश्मीरी पंडित है, उनके लिए भी सैंट्रल गवर्नमेंट की जिम्मेदारी है, क्या उन्हें जम्मू, नैगरोटा में, दिल्ली में रहने वाले को दो कमरे का फ्लैट देंगे? आपने कहा था कि दस हजार बनाए जा रहे हैं और वैली में 250 बनाए जाएंगे, जो रहने वाले पांच लाख लोग हैं, जो माइग्रेट करके आए हैं, ये 80 हजार परिवार हैं, उन्हें दो कमरे का फ्लैट देना मुश्किल नहीं है। जब हम दो लाख झुग्गी वालों को फ्लैट दे रहे हैं तो उनके लिए क्या कठिनाई है?

अध्यक्ष महोदय, क्या यह कोई ऐसा ऑर्डिनेंस तैयार करेंगे जिसमें जितने हिंदू हैं, शराइंस हैं, कश्मीर के अंदर और जितने वहां हिंदू मंदिर हैं, उनका सारा का सारा अगर हैंड ओवर कर दिया जाए, वहां कश्मीरी पंडित को, उसके लिए कोई ऑर्डिनेंस बनाया जाए, क्या सरकार इस बात पर विचार करेगी? यहां पर इनकी जो प्रोपर्टीज हैं, वह वहां पर सरकार ने ले ली है और उनका मुआवजा नहीं दिया, जो सरकार के अधिकार में आ गई है, क्या उनकी प्रोपर्टीज वापस देने का विचार किया जाएगा? कश्मीरी पंडित वहां पर माइनोरिटी में हैं, प्रधानमंत्री जी ने उस दिन कहा, Minorities will have the first right of the resources of the Government. क्या कश्मीरी पंडित या जो जम्मू-कश्मीर में माइनोरिटी में हैं, उनके लिए कोई अधिकार है या नहीं? इस समय जम्मू-कश्मीर मे कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार एवं अन्याय हो रहा है। वहां के आतंकवादी उनके खिलाफ कर रहे हैं। एक भी व्यक्ति इस समय जम्मू जाने के लिए तैयार नहीं हो रहा है, क्योंकि घोाणा कर दी गई है कि अगर कोई *(Interruptions)** ... जम्मू वापिस आया तो या तो वह इस्लाम धर्म कबूल कर ले या कश्मीर की आजादी की बात कहे।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** यह सही नहीं है।

...(व्यवधान)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** यह ...* ने कहा है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** यह सही नहीं है। I have deleted that. Why are you speaking?

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** यह कहा गया कि कश्मीर की आजादी की बात किए बिना कोई कश्मीरी पंडित वहां नहीं आ सकता। कश्मीर की आजादी का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। इसलिए गृह मंत्री जी का वक्तव्य अपने में कुल मिलाकर देखा जाए तो बिल्कुल एक परसेंट भी समस्या को वहां पर टच नहीं करता। मैं उनसे अपील करूंगा कि उनकी समस्या का उनके साथ बैठकर निदान करें और उनके साथ बैठकर जो कमेटी बनाई गई थी, गवर्नमेंट ने खुद जो इंटर मिनिस्टीरियल कमेटी बनाई थी, उसमें सुामा चौधरी के नाम से जो सिफारिशें की, उन पर क्या कार्रवाई की गई, उसका वाइट पेपर सदन के सामने रखें।...(व्यवधान)

**श्री रघुनाथ झा (बेतिया):** अध्यक्ष महोदय, हमने दस्तखत नहीं किए, लेकिन बहुत महत्वपूर्ण् प्रश्न है, इसलिए आपकी इजाजत होगी तो एक प्रश्न हम भी पूछ सकते हैं।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** आपका कोआपरेशन होगा तो देखेंगे, नहीं तो नहीं देखेंगे।[rep22] [R23]

---

* Not recorded

MR. SPEAKER: Hon. Members, as you know the rule is very clear in this regard. Only one hon. Member has given notice and there is no right of others to join the discussion unless it is permitted. I

will try to give opportunity to one or two Members.

Prof. Rasa Singh Rawat, please put only question and no *bhashan.*

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर):** माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा अभी आपने कहा-कश्मीर समस्या मानवीय समस्या है। कश्मीर भारत का मुकुट कहलाता है और देश का अभिन्न तथा अटूट अंग है। वहां के नागरिकों के साथ इस प्रकार से अन्याय और अत्याचार हो, यह हम सबके लिए अच्छी बात नहीं है। इसलिए मैं आपके माध्यम से पूछना चाहूंगा कि कश्मीरी पंडितों को श्रीनगर लौटने की जो अपील वहां की सरकार और केन्द्रीय सरकार ने की थी उसका क्या परिणाम रहा, कितने लोग वापस गए, जो वहां गए उनकी सुरक्षा की क्या व्यवस्था की गई? उनकी खाली दुकानें, मकान और अन्य संपत्तियों पर दूसरों लोगों ने अधिकार कर लिया था, उनकी वह प्रॉपर्टी उन्हें सही हाल में वापस उपलब्ध हो सके, इस बारे में सरकार ने क्या व्यवस्था की है और जिन कैम्पों में वे रह रहे हैं, उनकी सुरक्षा की क्या व्यवस्था की गई है?

MR. SPEAKER: Shri Harin Pathak, please ask only question and no preface.

**श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद):** अध्यक्ष महोदय, जैसा मल्होत्रा जी ने कहा, हम सबके लिए यह बड़े दुख और वेदना की बात है कि हमारे देश के अंदर हमारे देश के लोग ही विगत 17 सालों से शरणार्थी का जीवन बसर कर रहे हैं। शायद दुनिया में ऐसा कोई दूसरा देश नहीं होगा जहां ऐसी स्थिति हो कि उसी देश के लोग अपने ही देश में शरणार्थी की जिंदगी गुजारें। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** कृपया प्रश्न पूछिए।

**श्री हरिन पाठक :** सर, क्या दो बातें भी नहीं बोलने देंगे?

MR. SPEAKER: Please ask clarification.

**श्री हरिन पाठक :** अध्यक्ष महोदय, बड़ी वेदना है। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** प्रश्न पूछिए। सबको वेदना है।

**श्री हरिन पाठक :** अध्यक्ष महोदय, हमारे देश के पांच लाख नागरिक अपने ही देश में 17 सालों से एक्साइल स्थिति में रह रहे हैं। मैं कोई राजनीतिक बात नहीं कहना चाहता हूं। हम सब और सरकार का कर्तव्य है कि उनके बारे में संजीदा हो। पीसमील में एनाउंसमेंट करने से इस समस्या का हल होने वाला नहीं है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से इतना जानना चाहता हूं कि A report prepared by J&K Centre for Minority's Studies headed by M N Kaul, a retired IAS bureaucrat of the State Government on the socio-economic conditions of Kashmiri displaced people. उनकी रिक्मेंडेशन आई है और एक पैराग्राफ में उन्होंने कहा है कि 10 गुणा 10 फुट के कमरे में तीन जनरेशन के लोग रहते हैं। यह रिपोर्ट का हिस्सा है। यह सब कहते हुए कितनी वेदना होती है कि तीन-तीन जनरेशन के लोग एक ही कमरे में रहते हैं। अतः मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार कौल साहब की रिपोर्ट पर गौर करेगी, यदि हां, तो कब?

**श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू):** ऑनरेबल स्पीकर सर, मैं आपकी बिसासत से मिनिस्टर साहब से एक-दो बातें जानना चाहूंगा। मल्होत्रा साहब का जो कॉल-अटेंशन है, ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Kindly put your clarification.

**श्री मदन लाल शर्मा :** मैं प्रश्न ही कर रहा हूं। मुझे दो-तीन बातें ऐसी कहनी हैं, जिनसे स्थिति क्लीयर हो जाएगी। मिलिटेंसी के समय, पिछले 18 वर्षों से जो लोग कश्मीर से मायग्रेट होकर मुट्ठी कैंप, नगरोटा कैंप और मुट्ठी-दो में जो लोग आए हैं, मैं उन्हीं के दरम्यान रहता हूं। मेरी कांस्टीट्यूएंसी में मैजोरिटी में मायग्रेट किए हुए लोग ही रहते हैं। वे लोग मैजोरिटी में जम्मू पार्लियामेंट्री

कांस्टीट्यूएंसी में ही रहते हैं। मैं सिचुएशन को एनैलाइज करने के लिए मल्होत्रा साहब को बताना चाहता हूं कि वहां से कश्मीरी पंडित ही मायग्रेट नहीं हुए हैं, बल्कि लाखों की संख्या में मुसलमान भी मायग्रेट हुए हैं।

MR. SPEAKER: Hon. Members, the trouble is that you do not give any notice.

**श्री मदन लाल शर्मा :** यह बात ठीक है कि मायग्रेट लोगों में 80 से 90 फीसदी कश्मीरी पंडित हैं, लेकिन मल्होत्रा साहब को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कश्मीरी पंडितों के अलावा मिलिटेंसी के समय लाखों की तादाद में मुस्लिम भी मायग्रेट हुए हैं, जो दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और मुल्क के मुख्तलिफ इलाकों में रहते हैं - ख्वाह वह पॉलिटीशियन हो, ब्यूरोक्रेट हो या बिजनैस मैन हो।

MR. SPEAKER: Please ask your question.

**श्री मदन लाल शर्मा :** मैं दो बातों का क्लैरीफिकेशन देना चाहता हूं।

**अध्यक्ष महोदय :** आप क्लैरीफिकेशन मत दीजिए। आप तो मंत्री जी से क्लैरीफिकेशन लीजिए।I would not allow it to be converted into a debate.

**श्री मदन लाल शर्मा :** 24 हजार लोगों को रोजगार दिया गया। [r24] जो इन्होंने कहा, बिल्कुल दुरुस्त नहीं है। इन्होंने बिल्कुल गलत कहा। …(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** आप क्वैश्चन पूछिये। If we once break the rules, then this is what happens. I would not allow anything to be recorded.

*(Interruptions)* …*

**श्री मदन लाल शर्मा :** रियासती सरकार ने 24 हजार जॉब और नौकरियों की जगह खाली की। रियासते जम्मू-कश्मीर के पढ़े-लिखे बेरोजगार नौजवानों को, उसके बीच कश्मीरी पंडितों का जो रेश्यो बनता है, उनकी आबादी के तहत उनको मिलना चाहिए, * …

आज मैं पूछना चाहता हूं कि पिछले पांच र्वा में किस कश्मीरी पंडित से कश्मीर के अन्दर ज्यादती हुई, जुल्म हुआ, इन्होने यह बात जो कही, ये आंकड़े बता दें, उस आदमी का नाम बता दें, जो इन्होंने यह कहा है। *… किस मंदिर में पिछले 10 र्वाों में कोई नुकसान पहुंचा है, इन्होंने ऐसा हाउस में कहा है, जिससे मैं समझता हूं…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** यह रिकार्ड में नहीं जा रहा है, आप क्यों बोल रहे हैं। आपने कोई प्रश्न पूछा है?

…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please show the proceedings to me, I would like to see it.

**श्री मदन लाल शर्मा :** मैं यह जानना चाहता हूं कि इन्होंने कहा कि अभी कश्मीर के अन्दर भी कश्मीरी माइग्रेंट्स के लिए कुछ कमरे बनाने की व्यवस्था सरकार ने की, उसका पैसा रखा है, जम्मू के अन्दर पिछले साल हमारे ऑनरेबिल प्राइम मिनिस्टर भी गये, इन्होंने भी अपनी हुकूमत 6 र्वा तक हिन्दुस्तान के अन्दर की, लेकिन वे लोग खड्डों और नालियों के अन्दर रहे, लेकिन प्रधानमंत्री जी ने 2-2 कमरे और बनाने का आदेश दिया, जो हजारों की तादाद में जम्मू के अन्दर बन रहे हैं, चाहे उनके वापस जाने की बात है, वे जायें, न जायें, कब जायें, लेकिन सरकार ने हर आदमी के लिए व्यवस्था कर दी है।

* Not recorded

**अध्यक्ष महोदय:** यह बहुत दुख की बात है। If you have a question, then please put it. 12.27 बजे आपने नोटिस दिया। श्री रघुनाथ झा, अगर क्वैश्चन पूछना है तो पूछिये।

...(व्यवधान)

MR .SPEAKER: Please do not record anything. Show the proceedings to me. I will delete every word of it.

*(Interruptions)* ...*

MR. SPEAKER: I am sorry to say that you are misusing the opportunity.

**श्री रघुनाथ झा :** सिर्फ क्वश्चन पूछना है। माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि मैं सिग्नेटरी नहीं था, फिर भी आपने मुझे बोलने का मौका दिया।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** हम तो मदद करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम रूल के मुताबिक चलेंगे।

**श्री रघुनाथ झा :** महोदय, बहुत ही इम्पोर्टेंट सबजैक्ट पर, कश्मीरी पंडितों के सवाल पर माननीय मल्होत्रा जी ने प्रश्न उठाया, लेकिन उनकी दिक्कतों को, उनकी परेशानियों को, उनकी कठिनाइयों को दूर करने के साथ-साथ कम्युनल भााा को ये छोड़ नहीं सकते, राजनीतिकरण करने की इनकी लाचारी है, इसलिए मैं माननीय गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि यह सर्वविदित है कि 18 वार्ों से यह समस्या है, यह कोई इनके टाइम में नहीं आई, उनके टाइम में नहीं आई, 18 वार्ों से कश्मीरी पंडित या जो कोई भी विस्थापित होकर वैली से आये और जम्मू में, दिल्ली में, नगरोटा में, दूसरी जगहों पर बसे हुए हैं, उनकी संख्या के मुताबिक, उनकी आवश्यकता के मुताबिक उनका जो नुकसान हुआ है, उसके मुताबिक केन्द्र सरकार क्या कोई सर्वे कराकर, दिलचस्पी लेकर इसकी भरपाई करने का कोई विचार करती है या नहीं, यही हम स्पट करके जानना चाहते हैं?

MR. SPEAKER: No cross talks please. The hon. Home Minister has made a statement. He is there to reply. Please do not interrupt.

**गृह मंत्री (श्री शिवराज वि. पाटील)** : श्रीमन्, श्री मल्होत्रा जी ने कुछ प्रश्न उठाये हैं। उस सन्दर्भ में मैं कहना चाहूंगा कि जहां तक नौकरी देने का सवाल है, यह सरकार का प्रयास रहेगा कि जिनको भी नौकरी की जरूरत है, जम्मू एण्ड कश्मीर में और दूसरे प्रान्तों में भी, उनको नौकरी दी जायेगी। कानून के मुताबिक

* Not recorded

जिस प्रकार से हम उनकी मदद कर सकते हैं, वह करने का हमारा नजरिया रहेगा और उसी दृटि से कदम उठाये जाएंगे। घर दिये जाने के सम्बन्ध में भी प्रश्न उठाया गया। घर की जो संख्या यहां पर बताई गई है, वह बहुत बड़ी नहीं है। [R25][v26] अगर इस संबंध में कोई शंका मल्होत्रा जी के मन में उपस्थित हुयी, तो कोई गलत बात नहीं है। मगर सरकार का यह दृटिकोण है कि जो भी वापस जम्मू-कश्मीर में जायेगा, वह सरकार के बनाये हुए घर में जाकर नहीं रहेगा, बल्कि खुद के घर में जाकर रहेगा। अगर खुद के घर में जाकर रहने में कुछ समय के लिए दिक्कत है, तो उस समय के लिए इस प्रकार के घरों की व्यवस्था की गयी है। इसलिए हमें ऐसे घरों की संख्या कम नजर आती है। मगर हमारा दृटिकोण यही है कि जहां तक हो सके अपने घरों में में जाकर वे वहां पहले की तरह रहें। आप दुरूस्त कह रहे हैं उनकी रक्षा की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

हिंदू मंदिरों की बात भी आपने कही। मंदिर हिंदू का हो या ईसाई का हो या इस्लाम में भरोसा करने वाले भाइयों का हो, वह एक ही चीज है। आप तो अच्छी तरह से जानते हैं कि जम्मू-कश्मीर में जो दो मंदिर हैं, उनकी व्यवस्था किस प्रकार से की जा रही है? इसके विस्तार में जाकर मैं कहना नहीं चाहूंगा। मगर किसी भी धर्म को कोई भी व्यक्ति श्रद्धा रखकर उस मंदिर के रख-रखाव के लिए कोई मदद करना चाहता है, तो उसको ऐसा नहीं कहा जा सकता है कि आप मत करिए। लेकिन जो भी मंदिर जम्मू-कश्मीर में हैं, उनके रख-रखाव के और उसकी देखभाल का जिम्मा वहां के सारे भाइयों ने लिया है। यह जिम्मा लेते समय भी दूसरों को उस मंदिर से दूर रखने का ख्याल वहां नहीं किया गया है। यहां सबसे बड़ी बात है कि सब धर्म को मानने वाले लोग, इन मंदिरों को भी मानते हैं। यह सबसे बड़ी और अच्छी बात है और इसका हम ध्यान रखेंगे। रासा सिंह रावत जी ने कहा है कि यहां बहुत से लोग बाहर रह रहे हैं, क्या उनको वापस भेजने का प्रयास करेंगे? हम जरूर इसके लिए प्रयास करेंगे। जब भी वे कभी प्रधानमंत्री जी से मिलते हैं या मुझसे मिलते हैं तो हम उनसे कहते हैं कि अगर आप वहां जाएंगे, तो आपकी सुरक्षा करने का हमारा हमेशा प्रयास रहेगा और आप वहां जाएं। कभी-कभी वह मान लेते हैं, लेकिन कई बार वे नहीं मानते हैं, इसलिए यह दिक्कत है। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा सुरक्षा देने की दृटि से सरकार ने जम्मू-कश्मीर में किस प्रकार के कदम उठाए हैं, यह आपको बताने की जरूरत नहीं है। किस प्रकार की फोर्सेज को वहां रखा है, किस प्रकार से उनकी मदद कर रहे हैं, यह बार-बार बताने की जरूरत नहीं है। एक बात सही है और आपने भी यहां पर कहा है, पिछली सरकार ने भी इसके ऊपर थोड़ा ध्यान दिया था, वह यह है कि जो घर दिए गए हैं, वहां से आने वाले लोगों को यहां पर और वहां पर भी, कश्मीर से जम्मू जाने वाले लोगों को या जम्मू से दिल्ली और दूसरी जगह जाने वाले लोगों को, वे घर छोटे हैं और वे छोटे घरों में रहते हैं। उनको वहां रहने में तकलीफ होती है। उनकी तकलीफ को दूर करने के लिए कदम उठाये गए हैं। खासकर प्रधनमंत्री जी ने उनके लिए बड़ी राशि दी है और उनके लिए घर एक रूम का नहीं, बल्कि दो रूम का बनाकर देने का प्रयास किया है। पहले की सरकारों ने क्या किया है? उसके आंकड़े भी मेरे पास हैं, मगर हम तू-तू मैं-मैं करके ऐसे सवाल पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं। पांच साल के अंदर क्या हुआ या दो साल के अंदर क्या हुआ? यह चर्चा करने की जगह नहीं है, इसलिए इसकी चर्चा हम नहीं करना चाहते हैं। लेकिन जो दृटिकोण है कि किसी भी भाई को तकलीफ होती है, तो उसकी तकलीफ किस प्रकार से दूर करायी जाए, इसके लिए प्रयत्न करना और विचार करने का जो आपका प्रयास है, वह बहुत अच्छा प्रयास है। उसकी हम कदर करते हैं और उसी प्रकार से हम करने की जरूर कोशिश करेंगे।

**12.54 hrs**

(Mr. Deputy Speaker in the Chair)

एक बात और कही गयी कि वहां की जो लोगों की जायदाद है, वह सरकार ने ली और उसका मुआवजा उनको नहीं दिया गया। मेरी दृटि से यह बात चर्चा में आयी थी और जब मैं दो-तीन बार वहां गया था और वहां की सरकार और अधिकारियों से बात की। तब मुझे बताया गया कि ऐसा नहीं हुआ है। मगर ऐसा हुआ है, तो उसके इलाज का जिम्मा वहां की और यहां की सरकार की है और हम जरूर करेंगे। किसी की भी अगर कोई अप्लीकेशन हमारे पास आए जिसकी जायदाद सरकार ने ली है और उनको मुआवजा नहीं दिया है, तो मैं इस सदन में खड़ा होकर कहना चाहूंगा कि कानूनन उनको जो मिल सकता है, वह देने की जिम्मेदारी हमारी सरकार की होगी, वहां की सरकार की होगी। [v27]

रघुनाथ जी ने भी यही प्रश्न उठाया था। इसे हम जरूर करेंगे।...(व्यवधान) कॉल जी के साथ मेरी बहुत बार चर्चा हुई है। वे बहुत सुलझे हुए और समझदार अधिकारी हैं। उनकी राय से हम जितना कर सकते हैं, उतना करने की कोशिश जरूर करेंगे।

कॉल अटैंशन मोशन में पूरी तरह बारीकी में जाकर कहना बहुत मुश्किल है। प्रश्न है, नहीं है, ऐसा मैं नहीं कह रहा हूं। उसे बड़े कामयाब तरीके से हल करने और कम करने का प्रयास किया गया है। उसके बावजूद भी प्रश्न को समझकर उसके बारे में कदम उठाना बहुत जरूरी है।

मेरी सदन के सम्मानित सदस्यों से एक ही विनती है कि इस सदन में जो भी कहा जाएगा, उसके सामने हमें सिर झुकाना बहुत जरूरी है और हम वैसे ही करेंगे। इसीलिए जो भी कहें, वह तथ्यों से परे न हो। अगर तथ्यों को छोड़कर राजकारण के लिए तोड़-मरोड़कर कहा जाए या उसे कौन्टैक्स्ट से अलग करके कहा जाए तो आपकी बात का उपयोग नहीं होता और यहां से बोलने का भी कोई उपयोग नहीं होता। हमारी एक ही विनती है कि आप जो कहेंगे, उसके ऊपर अमल करने की जिम्मेदारी यहां बैठे हुए लोगों की है और उसे निभाने की कोशिश हम जरूर करेंगे। लेकिन बात कहते समय तथ्यों को तोड़-मरोड़कर न कहें।...(व्यवधान) धर्भ या जाति के नाम पर भाई-बहनों में झगड़ा पैदा न हो, इसे ध्यान में रखें।...(व्यवधान)

**श्री अनंत गंगाराम गीते (रत्नागिरि) :** अध्यक्ष महोदय, धर्म के नाम पर झगड़े का क्या मतलब है।...(व्यवधान)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष महोदय, हम मंत्री जी के उत्तर से संतुट नहीं हैं। उन लोगों की समस्या बहुत भयंकर और भी-ाण है। उस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसलिए हम इसके प्रोटैस्ट में सदन से वाक आउट करते हैं।

**<u>12.56 hrs</u>**

-

(Prof. Vijay Kumar Malhotra and some

hon. Members then left the House)

-